जालंधर, शुक्रवार 29 मार्च 2024
JALANDHAR, LUDHIANA, AMRITSAR, CHANDIGARH
+91 97814 00247



# वंदे भारत 24

भारत के मन की बात

**सुविचार**

खुद में झांकने के लिए जिगर चाहिए वरना दूसरों की शिनाख्त में तो हर शख्स माहिर है।

@vandebharat24 | vandebharat24news | @vandebharat24news | www.vandebharat24.com

# उत्तराखंड : नानकमत्ता गुरुद्वारे के डेरा प्रमुख तरसेम सिंह की हत्या

## बाइकसवार हमलावरों ने की ताबड़तोड़ फायरिंग





**जालंधर ( दीपांशु चोपड़ा ) :** उत्तराखंड के उधम नगर सिंह के नानकमत्ता गुरुद्वारे के डेरा कारसेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की गुरुवार सुबह अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। तरसेम सिंह पंजाब और तराई में सिखों के सिरमौर माने जाते थे। इस हत्या से पंजाब में गमगीन माहौल है।

गुरुद्वारे नानकमत्ता साहिब के पास ही डेरा कारसेवा परिसर के भीतर ही उनकी हत्या की गई. उन्हें तड़के छह बजे बाइकसवार हमलावरों ने तीन गोलियां मारी।

उन्होंने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही दम तोड़ दिया.

कहा जा रहा है कि दोनों हमलावर मोटरसाइकिल से आए थे और उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर फरार हो गए। पुलिस को मामले में अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है. पुलिस को हत्या में अवैध हथियारों के इस्तेमाल की आशंका है।

### फेसबुक पोस्ट कर जताई थी हत्या की आशंका

इस घटना के चश्मदीद गवाह ने बताया कि गुरुवार सुबह जैसे ही बाबा तरसेम सिंह गुरुद्वारा परिसर से बाहर आए। दो अज्ञात हमलावरों ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग करनी शुरू कर दी। उन्हें अस्पताल ले जाया गया लेकिन उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया।

उनकी हत्या के बाद से ही अस्पताल के बाहर भारी भीड़ जुटी हुई है। उन्होंने एक महीने पहले ही अपनी हत्या की आशंका जाहिर करते हुए फेसबुक पोस्ट की थी। कहा जा रहा है कि उनका गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी से विवाद चल रहा था। इस घटना से सिखों में भारी रोष है।



# पंजाब CM के घर गूंजी किलकारी, पत्नी ने बेटी को जन्म दिया

**जालंधर ( हिमांशु ) :** पंजाब के CM भगवंत मान की पत्नी डॉ. गुरप्रीत कौर ने बेटी को जन्म दिया है। बेटी का जन्म मोहाली स्थित प्राइवेट अस्पताल में हुआ। इसकी जानकारी खुद सीएम भगवंत मान ने सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर दी। उन्होंने लिखा- जच्चा-बच्चा स्वस्थ। सीएम के पारिवारिक मेंबर भी अस्पताल में मौजूद हैं। साथ ही डॉक्टरों द्वारा सारी स्थिति पर नजर रखी जा रही है। जुलाई 2022 में सीएम भगंवत मान और डॉ. गुरप्रीत कौर की शादी हुई थी।

### खुद सीएम ने शेयर की थी खुशखबरी

डॉ. गुरप्रीत कौर के गर्भवती होने की सूचना भी सीएम भगवंत मान ने खुद आम लोगों से शेयर की थी। लुधियाना में 26 जनवरी के समागम में सीएम शामिल होने गए थे। इस दौरान वह मंच पर बता रहे थे कि बेटियों को कोख में नहीं मारना चाहिए। आज बेटियां किसी भी क्षेत्र में कम नहीं हैं।वहीं, इस दौरान उन्होंने कहा था कि उनके घर में भी मार्च में खुशियां आने वाली हैं। उनकी पत्नी गर्भवती है। साथ ही मार्च माह में वह बच्चे को जन्म देंगी। इसके बाद वह शिवरात्रि पर पत्नी के साथ मोहाली स्थित शिव मंदिर में पूजा के लिए पहुंचे थे।

**आवश्यकता**
पंजाब के हर शहर व कस्बे से
वंदे भारत 24
के लिए पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247
97804-00247
E-mail : info@vandebharat24.com

वंदे भारत 24
भारत के मन की बात
हमारे साथ जुड़ने के लिए व विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
मोब. 97814-00247
97804-00247
E-mail : info@vandebharat24.com

# हंसराज हंस होंगे आम आदमी पार्टी के जालंधर से कैंडिडेट



**जालंधर( हर्ष शर्मा ) :** जालंधर से अभी-अभी बड़ी खबर सामने आई है। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार बीजेपी का बड़ा नेता जल्द आम आदमी पार्टी में शामिल हो सकता है। लोकसभा चुनावों को लेकर नेताओं में दल-बदल का सिलसिला लगातार जारी है तथा गत दिवस ही जालंधर से आम आदमी पार्टी के दो नेताओं सुशील रिंकू व शीतल अंगुराल ने जहां भाजपा का दामन थामा है।

वहीं अब पंजाब की सियासत में एक और बड़ा धमाका होने की सूचना है। दरअसल सूत्रों के हवाले से खबर मिल रही है कि दिल्ली में भाजपा के सांसद रहे हंसराज हंस बहुत जल्द आप में शामिल हो सकते हैं। दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के सांसद रहे सूफी गायक हंसराज हंस बहुत जल्द आप में शामिल हो सकते हैं। चर्चा तो यह भी चल रही है कि आप बहुत जल्द हंसराज हंस को पार्टी में शामिल कर जालंधर से चुनावी मैदान में उतार सकती है। बता दें कि हंसराज हंस इससे पहले दिल्ली में भाजपा के सांसद रहे हैं, लेकिन इस बार भाजपा ने उन्हें दिल्ली की बजाय पंजाब से चुनावी मैदान में उतारने की योजना बनाई है। लेकिन अभी तक हंसराज हंस को टिकट न मिल पाने के कारण अब यह खबर सामने आ रही है कि बहुत जल्द वे पंजाब में आम आदमी पार्टी का झाड़ू पकड़ सकते हैं। हंसराज हंस होंगे आम आदमी पार्टी के जालंधर से कैंडिडेट।




HAKIM TILAK RAJ KAPOOR HOSPITAL PVT. LTD.
NEAR FOOTBALL CHOWK, JALANDHAR | Call/Whatsapp No. +91-95015-02525

आयुर्वेदिक एवं यूनानी दवाइयों तथा पंचकर्मा द्वारा हर बीमारी के सफल इलाज के लिए मिलें।
Dr. Nuvneet Kapoor
B.A.M.S., M.D (H.T.R.K.)
Ph.: 0181-5092525
Website : www.hakimtilakraj.in

आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से
वंदे भारत 24 भारत के मन की बात
के लिए पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247, 97804-00247



S.T COLLEGE OF NURSING & MEDICAL SCIENCES
Recognized by INC, New Delhi, Affiliated by BFUHS, Faridkot & PNRC, Mohali Approved by Govt. of Punjab.
COURSES OFFERED
ANM 2 Years Diploma
GNM 3 Years Diploma
B.Sc (Nursing) 4 Years Degree
D-Pharmacy (Ay.) 2 Years & 3 Months Diploma
10+1 & 10+2 (P.S.E.B)
V.P.O. Mehlanwali, Una Road, Hoshiarpur Pb.
Contact : +91-62841-11519, +91-99145-82525
www.stnursinginstitute.in

# रिंकू और शीतल के खिलाफ उग्र प्रदर्शन करने वालों के खिलाफ पुलिस ने कसा शिकंजा

## हुई FIR दर्ज, गिरफ्तारी के लिए पुलिस की छापेमारी



**जालंधर ( जतिन चौहान )** : जालंधर में एमपी सुशील रिंकू ओर विधायक शीतल के पार्टी छोड़ भाजपा में जाने के बाद आप वर्करों के द्वारा जालंधर वेस्ट में प्रदर्शन करके सरकारी बोर्ड तोड़ने के मामले में पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। इस मामले में चुनाव कमिश्न के द्वारा वीडियोग्राफ़ी भी करवाई गई है जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। हालाँकि पुलिस ने अज्ञात लोगो के खिलाफ मामला दर्ज किया है जिसमें वीडियोग्राफ़ी के बाद प्रदर्शन करने वालों को नामज़द किया जाएगा। चुनाव आयोग को भाजपा के द्वारा पहले ही प्रदर्शन करने की बात का संकेत देने के बाद जालंधर में आप पार्टी वर्करों ने प्रदर्शन के दौरान चुनाव कमीशन के अधिकारियों ने मौके पर वीडियो ग्राफ़ी बनाई थी। जिसमें प्रदर्शन करने वालों की ओर उनके वाहनों तक की वीडियोग्राफ़ी के आधार पर कार्रवाई शुरू हुई है।

बता दें कि आप एमपी रिंकू ओर शीतल बीते दिन भाजपा में शामिल हो गए थे जिसके बाद आप वर्करों में इस बात का रोष था। पुलिस ने 283,427,3 धारा के अधीन मामला दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है।

# अरविंद केजरीवाल को कोर्ट से राहत नहीं, ED को मिली 1 अप्रैल तक की रिमांड



**जालंधर ( जतिन चौहान )** : दिल्ली शराब घोटाला मामले में ईडी ने सीएम अरविंद केजरीवाल को गुरुवार को एक बार फिर दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया और दोबारा रिमांड की मांग की, जिसपर फैसला सुनाते हुए कोर्ट ने केजरीवाल को 1 अप्रैल तक ईडी की रिमांड पर भेज दिया। हालांकि जब ईडी ने सुनवाई के दौरान रिमांड की मांग की थी तो केजरीवाल ने इसका विरोध करते हुए कहा था कि ईडी आम आदमी पार्टी को खत्म करना चाहती है। अब केजरीवाल 4 दिन और ईडी की रिमांड में रहेंगे।

ईडी के वकील एसवी राजू ने कोर्ट में कहा कि अरविंद केजरीवाल के बयान रिकॉर्ड हुए हैं, वे गोलमोल जवाब दे रहे हैं। उनका बाकी आरोपियों के साथ आमना-सामना कराना है। इसके अलावा केजरीवाल इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसों के पॉसवर्ड नहीं बता रहे हैं। वह कह रहे हैं कि वकीलों से बात करके देंगे। इसके बाद अरविंद केजरीवाल ने कोर्ट से कहा कि वह कुछ कहना चाहते है, इस बात की कोर्ट से इजाजत मांगी। कोर्ट ने कहा कि आप लिखित में दे दीजिए तो केजरीवाल ने कहा कि प्लीज मुझे बोलने दीजिए।

केजरीवाल ने कोर्ट में कहा कि मुझे किसी भी अदालत ने दोषी नहीं पाया है। ईडी और सीबीआई ने हजारों पन्नों की रिपोर्ट लगाई है। मैं ईडी का धन्यवाद देना चाहता हूं. ये केस दो साल से चल रहा है। आप सभी कागजों को पढ़ेंगे तो पूछेंगे कि आखिर मुझे गिरफ्तार क्यों किया गया? केजरीवाल ने कहा कि क्या एक मुख्यमंत्री को गिरफ्तार करने के लिए यह उचित ग्राउंड है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि एक बयान रगुंटा का है। वह मेरे पास जमीन मांगने आया था, मैंने कहा था कि जमीन एलजी के अधिकार में आता है। इसके बाद ईडी ने केजरीवाल के बोलने पर आपत्ति जताई। पर केजरीवाल ने कहा कि ईडी के दो मकसद थे। एक तो AAP को खत्म करना और एक स्मोकस्क्रीन क्रिएट करना और उसके पीछे वसूली रैकेट कायम करना। वहीं ईडी के एसवी राजू ने कहा कि वह आम आदमी पार्टी के मामलों के प्रभारी व्यक्ति हैं। आप को रिश्वत की रकम मिली है. जिसका इस्तेमाल गोवा चुनाव में किया गया था। हमारे पास गवाह हैं कि वे पैसे साउथ ग्रुप के हवाला से आये थे। यह एक चेन है. केजरीवाल ने यह भी कहा कि मैं ईडी की रिमांड का विरोध नहीं कर रहा हूं। यह चाहे तो जितने दिन मुझे रख ले लेकिन यह घोटाला है। इसकी जांच होनी चाहिये। वहीं ईडी ने कहा कि केजरीवाल ने बड़े-बड़े वकीलों को सुनवाई के लिए लगा रखा है। यह सुविधा हर आदमी के पास नहीं होती है. जबकि आज अरविंद केजरीवाल ने अपनी जिरह खुद की है।

# केजरीवाल की पत्नी के रिश्तेदार के घर ED की रेड, FEMA मामले में कार्रवाई



**जालंधर ( सूरभि शर्मा )** : दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी के दूर के रिश्तेदार के यहां आज ED ने बड़ी कार्रवाई करते हुए रेड मारी। वहीं दूसरा ओर, अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता ने दावा किया है, दिल्ली के मुख्यमंत्री द्वारा गुरुवार को अदालत में कथित उत्पाद शुल्क नीति घोटाले पर 'बड़ा खुलासा' करने की उम्मीद है। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक को ईडी ने 21 मार्च को उत्पाद शुल्क नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था और बाद में 28 मार्च तक एजेंसी की हिरासत में भेज दिया था। सुनीता केजरीवाल ने बुधवार को एक डिजिटल ब्रीफिंग में कहा कि उनके पति 28 मार्च को कोर्ट में कथित शराब घोटाले का खुलासा करेंगी और सबूत भी पेश करेंगी।

एजेंसी या तो मुख्यमंत्री की हिरासत अवधि बढ़ाने की मांग कर सकती है या उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजने के लिए अदालत से निर्देश मांग सकती है।

## 'आप' के सामने चुनाव लड़ने का बड़ा संकट

# कांग्रेस से गए नेताओं का 'आप' से मोह भंग, जल्द वापसी करेंगे कई नेता

### चुनाव लड़ने के लिए भी नहीं मिल रहे नेता

AAM AADMI PARTY

**जालंधर ( सूरभि शर्मा )** : लोकसभा उपचुनाव के दौरान बड़े-बड़े सपने लेकर आम आदमी पार्टी में शामिल होने वाले कांग्रेसी नेताओं का अब झाड़ू से मोह भंग होने लगा है। जॉइनिंग के समय उनसे बड़े-बड़े वायदे किए गए थे।

मगर पिछले कई महीनो से यह सभी नेता ठगे महसूस कर रहे हैं। इन्हें सरकार और संगठन में कोई जिम्मेदारी नहीं दी गई है। पूरी तरह से यह नेता ठन ठन गोपाल है। इसलिए अब यह वापसी का रास्ता तलाश रहे हैं। संभावना है कि जल्द ही इनकी घर वापसी हो जाएगी और कांग्रेस की एक बार फिर से जालंधर में बूस्ट मिलता दिखाई देगा। दूसरी तरफ आम आदमी पार्टी के लिए तगड़ा झटका होगा।


आप के सामने तो चुनाव लड़ने का ही संकट खड़ा हो सकता है। कारण साफ है कि ना तो लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए आप के पास कोई नेता दिखाई दे रहा है और ना ही बेस्ट विधानसभा हल्के से उपचुनाव लड़ने के लिए आप के पास कोई नेता है। सुशील रिंकू और शीतल अंगूराल के जाने के बाद आम आदमी पार्टी खुद को बेहद ठगा महसूस कर रही है।

आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से
वंदे भारत 24 के लिए पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247, 97804-00247






# किडनी स्टोन्स को नैचुरली बाहर निकालेंगी ये चीजें, नहीं पड़ेगी दवाइयों की जरुरत





**खान-पान** की गलत आदतों के कारण इन दिनों गुर्दे में पथरी की समस्या आम बात हो गई है। जहां पहले यह समस्या बढ़ती उम्र के साथ लोगों में देखी जाती थी वहीं आज छोटी उम्र में ही यह समस्या लोगों को घेर रही हैं। छोटी पथरी तो पेशाब के जरिए निकल सकती है लेकिन बड़ी पथरी निकलने में मुश्किल होती है। पथरी का साइज बड़ा होने के कारण बहुत तेज गंभीर दर्द भी होता है। ऐसे में इसे निकालने के लिए दवाईयों की जरुरत ही पड़ती है। आज आपको इस आर्टिकल के जरिए कुछ ऐसी चीजें बताते हैं जिनका सेवन करने से पथरी नैचुरली तरीके से बाहर निकल सकती हैं। आइए जानते हैं कैसे।

## ज्यादा पानी पिएं

पर्याप्त मात्रा में पानी पीने से शरीर में हाइड्रेशन का स्तर बनाए रखने में मदद मिलती है। पानी गुर्दे में मौजूद विटामिन्स और मिनरल्स को तोड़ने में मदद करता है और यह अवशोषण की प्रक्रिया भी तेज करता है।

भरपूर मात्रा में पानी पीने से शरीर में मौजूद विषाक्त पदार्थ बाहर निकलते हैं जिससे किडनी स्वस्थ रहती है। जिन लोगों को गुर्दे में पथरी हो उन्हें दिन में 7-8 गिलास पानी पीने के लिए किहा जाता है।

## सेब का सिरका

इसमें साइट्रिक एसिड पाया जाता है जो किडनी स्टोन्स को छोटे-छोटे कणों में तोड़ने और घुलने में मदद करता है। इसका सेवन करने से मूत्रमार्ग के जरिए गुर्दे की पथरी हटाने में मदद मिलती है। यह शरीर के विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने और उन्हें साफ करने में भी मदद करता है। 2 चम्मच सेब का सिरका रोज गर्म पानी के साथ पीने से किडनी स्टोन्स बाहर निकलने लगेंगे।

## अनार का जूस

शोध के मुताबिक, अनार भी कई सारे पोषक तत्वों का भंडार माना जाता है। इसका जूस पीने से शरीर को हाइड्रेट रखने में मदद मिलती है। गुर्दे की पथरी को नैचुरल तरीके से बाहर निकालने के लिए आप इसका सेवन कर सकते हैं। इसमें कुछ एंटीऑक्सीडेंट्स भी पाए जाते हैं जो इम्यूनिटी पॉवर बढ़ाने में मदद करते हैं।


## नींबू पानी

ताजे नींबू के रस को गुनगुने पानी के साथ पीने से शरीर में मौजूद टॉक्सिन्स बाहर निकलते हैं। यह किडनी स्टोन्स को भी तोड़ने में मदद करता है। रोजाना नियमित तौर पर नींबू पानी पीने से शरीर में पानी की कमी नहीं होती और किडनी स्टोन्स निकालने में भी मदद मिलती है।

## दूध

इसमें कैल्शियम की काफी अच्छी मात्रा पाई जाती है ऐसे में दूध का सेवन करने से भी किडनी स्टोन्स से छुटकारा मिलता है। कैल्शियम हड्डियों को मजबूत बनाता है इसके साथ ही यह शरीर में ऑक्सलेट के अवशोषण को कम करने में भी मदद करता है। दूध का सेवन करने से किडनी में स्टोन्स नहीं बनते।






# टेस्टी फूड दिखाकर बच्चे को खिला देते हैं दूसरा खाना

## एक्सपर्ट ने बताया ध्यान भटकाकर खिलाना क्यों है गलत?

माता-पिता को अक्सर छोटे बच्चों के खाना न खाने की परेशानी से जूझना पड़ता है। खाना खिलाने के लिए वे या तो उन्हें फोन दिखाते हैं या फिर उनके आगे पीछे घूमते रहते हैं। नखरीले बच्चों के साथ ये समस्या सबसे ज्यादा होती है। ऐसे में बच्चों को खाना खिलाना पेरेंट्स के लिए मुश्किल टास्क बन जाता है। हालांकि, आजकल कई पैरेंटस बच्चों को खाना खिलाने के लिए डिस्ट्रेक्शन फीडिंग का तरीका अपना रहे हैं।

इसमें वे बच्चों को टेस्टी खाने की ओर उनका ध्यान भटकाकर कोई दूसरी चीज खिलाते हैं, जो हेल्दी होती है। अच्छी बात तो यह है कि यह तरीका फुल वर्क करा रहा है। पीडियाट्रिशियन डॉ. संतोष यादव के अनुसार, यह गलत है। ऐसा करने से बच्चे को कभी फूड सेंस नहीं हो पाता। भविष्य में ऐसे बच्चे डिफिकल्ट ईटर्स रहते हैं। एक या दो बार यह तरीका अच्छा है, लेकिन आप हर बार बच्चे को इसी तरह से खाना



### क्या होती है डिस्ट्रैक्शन फीडिंग

छोटे बच्चों के माता-पिता अक्सर उन्हें खाना खिलाने के लिए विचलित आहार का उपयोग करते हैं। खाने के दौरान ध्यान भटकाने के लिए या तो वे उन्हें हवाई जहाज उड़ाकर दिखाते हैं या फिर मोबाइल या टीवी में कार्टून चला देते हैं। कई लोग उनका ध्यान भटकाने के लिए खुद नाचने या गाने लगते हैं। इससे बच्चे का ध्यान न खाने से हटकर इन चीजों पर लग जाता है।

### डिस्ट्रैक्शन फीडिंग क्यों काम करती है

डिस्ट्रैक्शन फीडिंग इसलिए काम करती है, क्योंकि आपका बच्चा भोजन से विचलित होता है और प्लेट में नए भोजन से घबराने पर ध्यान केंद्रित नहीं करता है। उनकी इंद्रियां ध्यान भटकाने में व्यस्त रहती हैं, इसलिए वे नए खाद्य पदार्थ आजमाने, गैर-पसंदीदा भोजन खाने या ज्यादा भोजन खाने से भी मना नहीं करते हैं।

### क्यों गलत है डिस्ट्रैक्शन फीडिंग

ध्यान भटकाकर खाना खिलाना निश्चित रूप से विवादास्पद है, क्योंकि अगर कोई बच्चा विचलित होकर खाना खा रहा है तो वह अपने भोजन के प्रति उतना जागरूक नहीं होता है और न ही अपने शरीर के साथ तालमेल बिठा पाता है। इससे बच्चे को यह पता नहीं चल पाता कि उनका पेट कब भर गया है और कब उन्हें खाना बंद कर देना चाहिए। जिससे बाद में उसे मोटापा वजन संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। हो सकता है कि वह बाद में भी खाने का स्वाद लेना न सीख सके।

### तो कैसे खिलाएं बच्चे को खाना

- खेलते समय खाना खिलाना या पहेली सुलझाना
- अपने बच्चे को किताब पढ़ाना
- संगीत सुनना
- फ्लैश कार्ड
- टीवी देखना

डिस्ट्रैक्शन फीडिंग कुछ समय के लिए ठीक है। लेकिन बार-बार ऐसा करने से बच्चा अपनी थाली में नए खाद्य पदार्थ को देखकर परेशान हो सकता है। अगर आपको लगता है कि इस तरीके से बच्चे का पेट भर रहा है, तो उसे वह खाना दिखाएं, जो वह खा रहा है।

उसे बताएं कि इस खाने को क्या कहते हैं ताकि उसे पता हो, कि उसने क्या खाया है।




## कभी केंद्र के खिलाफ जंजीरों में जकड़कर पहुंचे थे संसद, अब BJP में शामिल

# सुशील कुमार रिंकू ने क्यों दिया AAP को झटका?

**जालंधर (हर्ष शर्मा) :** पिछले साल अगस्त में आम आदमी पार्टी के सांसद सुशील कुमार रिंकू लोकसभा में अपने अंदाज के लिए खूब चर्चित हुए थे। वह अपने और पार्टी सांसदों संजय सिंह और राघव चड्ढा के राज्यसभा से निलंबन के विरोध में जंजीरों में जकड़कर संसद परिसर में पहुंचे थे।सुशील कुमार रिंकू की संसद परिसर में घूमते हुए 'देश के लोकतंत्र को गुलामी की जंजीरों से मुक्त करो' के नारे लगाते हुए तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गई थीं। आज वही सुशील कुमार रिंकू भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए हैं।

### तब संसद में केंद्र सरकार को घेरा था

तब सुशील कुमार रिंकू ने भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर लोकतंत्र की हत्या करने का आरोप लगाया था और लोगों से 2024 के लोकसभा चुनावों में भगवा पार्टी को सत्ता से उखाड़ फेंकने की अपील की थी।

दिलचस्प बात यह है कि आप में शामिल होने के एक साल से भी कम समय में सुशील रिंकू भारतीय जनता पार्टी में आ गए, जिससे लोकसभा चुनाव से ऐन पहले अरविंद केजरीवाल और आप पार्टी को तगड़ा झटका लगा है।



### पूरे नहीं हुए वादे, आप से थे नाखुश

कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि रिंकू नाखुश थे क्योंकि 2023 के उपचुनाव से पहले उन्होंने जिन परियोजनाओं का वादा किया था, वे पूरी नहीं हुईं।

समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, भगवंत मान ने 19 मार्च को रिंकू के साथ एक बैठक भी की थी। हाल ही में रिंकू ने एक टीवी चैनल से बात करते हुए कांग्रेस के साथ गठबंधन की वकालत भी की थी।

हालांकि, आम आदमी पार्टी पंजाब में अकेले लोकसभा चुनाव लड़ रही है। पहले ही ऐसी अटकलें थीं कि रिंकू बीजेपी में शामिल होंगे।

### कौन हैं सुशील कुमार रिंकू?

दलित समुदाय से आने वाले सुशील कुमार रिंकू ने अपना राजनीतिक करियर नगर निगम पार्षद के रूप में शुरू किया था। वह 2017 में कांग्रेस के टिकट पर विधायक बने थे।

2022 के विधानसभा चुनाव में उन्हें आप उम्मीदवार शीतल अंगुराल से हार का स्वाद चखना पड़ा था।

अप्रैल 2023 में सुशील कुमार रिंकू ने जालंधर में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान की उपस्थिति में AAP में शामिल हो गए थे।

आप के उम्मीदवारों की पहली सूची में सुशील कुमार रिंकू को जालंधर संसदीय सीट से उम्मीदवार के रूप में नामित किया गया था।

आप ने उपचुनाव में रिंकू को जालंधर लोकसभा सीट से मैदान में उतारा था और उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार करमजीत कौर चौधरी को 58,691 वोटों के अंतर से हराकर जीत हासिल की थी।




## जल्द भाजपा में शामिल हो सकते हैं 22 विधायक

### *आम आदमी पार्टी को लोकसभा चुनाव से पहले बड़ा झटका देने की तैयारी में भाजपा*

**जालंधर (हिमांशु) :** आम आदमी पार्टी के इकलौते सांसद सुशील रिंकू और विधायक शीतल अंगूराल को अपने पाले में करने के बाद अब भाजपा एक और मास्टर स्ट्रोक खेलने जा रही है।

पंजाब की राजनीति में एक बड़ा भूचाल आने वाला है।22 विधायक एक साथ भाजपा ज्वाइन करने जा रहे हैं। अरविंद केजरीवाल के सलाखों के पीछे जाने के बाद आम आदमी पार्टी में बड़ी फूट और टूट देखने को मिल सकती है।

बताया जा रहा है कि आधे से ज्यादा विधायक भाजपा के संपर्क में है और लोकसभा चुनाव से पहले अच्छी पंजाब की सियासत एक बड़ा रंग लेने वाली है। अगर ऐसा होता है तो 2 साल के भीतर ही आप सरकार पर एक बड़ा संकट आ सकता है




## शिंदे गुट की शिवसेना में शामिल हुए बॉलीवुड एक्टर गोविंदा, मुंबई नॉर्थ-वेस्ट से लड़ सकते हैं चुनाव

**जालंधर( दीपांशु चोपड़ा ):** बॉलीवुड अभिनेता गोविंदा ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के गुट वाली शिवसेना में शामिल हो गए हैं। उन्हें खुद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शिवसेना की सदस्यता दिलवाई। माना जा रहा है कि गोविंदा मुंबई उत्तर पश्चिम लोकसभा सीट से चुनाव लड़ सकते हैं।

खबरों के मुताबिक, गोविंदा एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के टिकट पर उत्तर-पश्चिम मुंबई लोकसभा सीट से शिवसेना-यूबीटी के अमोल कीर्तिकर के खिलाफ चुनाव लड़ सकते हैं, जो शिंदे खेमे से मौजूदा सांसद गजानन कीर्तिकर के बेटे हैं। पीटीआई की रिपोर्ट के अनुसार, हाल ही में अभिनेता और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री शिंदे



के बीच हुई मुलाकात के बाद गोविंदा के राजनीति में संभावित प्रवेश की अटकलों ने जोर पकड़ लिया। पिछले हफ्ते हुई इस मुलाकात से गोविंदा की राजनीतिक वापसी की अफवाहें तेज हो गई हैं। एक हफ्ते में गोविंदा की एकनाथ शिंदे से यह दूसरी मुलाकात थी। बुधवार को शिंदे खेमे के प्रवक्ता कृष्णा हेगड़े ने लोकप्रिय अभिनेता से उनके आवास पर मुलाकात की।

2004 के लोकसभा चुनाव में गोविंदा ने कांग्रेस के बैनर तले मुंबई उत्तर लोकसभा से चुनाव लड़ा।